कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बैतूल

क्र. /एनएचएम/2022/ 7396

बैतूल, दिनांक – 11/7/2022

प्रशस्ति पत्र

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से अक्षिता कार्यक्रम के अंतर्गत अंतरा फाउण्डेशन द्वारा बैतूल में मातृ, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। अक्षिता कार्यक्रम का संचालन जुलाई 2020 से बैतूल जिले के भीमपुर, भैसदेही, बैतूल ग्रामीण, शाहपुर और घोड़ाडोंगरी ब्लॉक में किया जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाना कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है जिसकी पूर्ति के लिये निम्नलिखित कार्य किये जाते है :-

- मातृ व शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण विषयों पर नॉलेज एसेसमेंट उपरांत **MCHN** विषयों पर ए.एन.एम., सी.एच.ओ.एवं पर्यवेक्षकों का क्षमतावर्धन करना।
- आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा एवं एएनएम के बीच में आपसी समन्वय बनाने, आंकड़ो के नक्शा बनाना एवं नक्शे पर लाभार्थी को चिन्हांकन करना।
- नर्स मेंटरिंग कार्यक्रम के अंतर्गत प्रसव कक्ष को सुदृढ बनाने हेतु कार्यरत स्टॉफ नर्स का कौशल एवं विकास हेतु क्लास रूम ट्रेनिंग औन आनसाईट मानिटरिंग कर स्टाफ का लेबर रूम आर्गेनाइजेशन,प्रसव के दौरान देखभाल और प्रबंधन, नवजात देखभाल और जटिलता प्रबंधन, प्रसव पूर्व देखभाल, प्रसव पश्चात देखभाल, इनफेक्सन प्रीवेशन प्रैक्टिस और रिकार्ड एवं डाटा कलेक्सन पर क्षमतावर्धन करना। इस हेतु अक्षिता कार्यक्रम के अंतर्गत चयनिय पीएचसी सीएचसी के लेबर रूम स्टॉफ का नाम एवं कौशल मूल्यांकन एवं फैसिलिटी मूल्यांकन किया गया था जिसके उपरांत मैप्स को पूर्ण करने एवं क्षमतावर्धन करने हेतु गतिविधियों आयोजित की गई।
- सहयोगात्मक पर्यवेक्षण पर क्षमता वर्धन करने हेतु लेडी हैल्थ विजिटर, आशा सुपरवाइजर,लेडी सुपरवाईजर और सेक्टर सुपरवाईजर का समय–समय पर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य स्वास्थ्य एवं पोषण विषयों पर ट्रेनिंग देना एवं आकड़ो के आधार पर मानिटरिंग करना।
- रजिस्टर का युक्तिकरण करना ताकि ग्राम स्तरीय **AAA** मंच के द्वारा अति जोखिम वाले लाभार्थी जैसे अति जोखिम वाली गर्भवती महिला, अति कुपोषित व कुपोषित बच्चे एवं आखिरी तिमाही वाली गर्भवती महिलाओं को प्रदान की जाने वाली सेवाओं का नियोजन और ट्रेकिंग करना।
- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व और अंतरा फाउडेंसन से तकनीकी सहायता के साथ मातृ व शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण की समग्र गुणवत्ता को सुधारने के लिये कार्य किये जा रहे है, इन उपायों से भीमपुर, भैसदेही, बैतूल ग्रामीण शाहपुर और घोड़ाडोंगरी के महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ो में अंतर प्रतिशत में सुधार आ रहा है।
- अंतरा फाउडेंसन टीम का जिले में प्रशंसनीय सहयोग रहा है और कोविड–19 महामारी की रोकथाम हेतु व मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य व पोषण सेवायें देने हेतु स्क्रीनिंग उपकरण एवं व्यक्तिगत सुरक्षा सामग्री, जैसे इंफारेड थर्मामीटर, पल्स ऑक्सीमीटर A95 मास्क सैनिटाईजर, ग्लब्स वितरण का सहयोग निरंतर पूरे जिले मे रहा है, जो सराहनीय है, धन्यवाद।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला बैतूल (म0प्र0)